तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 28 अप्रैल 2024

10 सिपाही हरीश व कलिंदर को पूर्व सैनिक परिषद ने ...



10 खड़े ट्रक से कार टकराई एक महिला की मौत





## खबर संक्षेप



### बेटियां भी किसी से कम नहीं

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत तरहुल के आश्रित गांव डुवा में हैण्डपम्प को मैकेनिक राजू तराफ के साथ कार्य करती हुई ग्राम डूवा की बेटियां रविता दुग्गा, सुमन उईके, रेणुका ताम्रकार, प्रियंका ताम्रकार, आमनी बोगा, खेमिन बोगा, अमिना केमरो, दामनी बोगा आदि के द्वारा हैंडपंप मैकेनिक को सहयोग प्रदान किया, तभी हैंडपंप सुधार हो सका। हैंडपंप मैकेनिकों का कहना था कि यहां की बेटियां भी किसी से कम नहीं है।

### अंग्रेजी शराब जब्त महिला गिरफ्तार

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत ग्राम नाथियानवागांव बाजारपारा के मेन रोड में महिला द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 25 अप्रैल की शाम साढ़े 7 बजे नाथियांनगवागांव निवासी 43 वर्षीय आरोपी महिला ललिता मंडावी पति दिवाकर मंडावी के कब्जे से एक भूरा एवं हरा रंग का नायलोन थैले में 9 बॉटल सिम्बा बीयर, जिसकी कीमत 2 हजार 70 रूपए एवं बिक्री रकम 250 रूपए को जप्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### कोंडे में कल से दो दिवसीय वार्षिक मेला

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम कोंडे का दो दिवसीय वार्षिक मेला 29 अप्रैल से शुरू होगा। ग्राम गायता गांडोराम पुड़ो, प्रेम पुड़ो, रुपधर पुड़ो, आयतु पुड़ो, कमलेश साहू, रघु सिन्हा, गिरधर कांगे ने बताया कि ग्राम कोंडे में वार्षिक मेला का आयोजन 29 और 30 अप्रैल को किया गया है। इस मेले में आसपास के देवी-देवता और ग्रामीण शामिल होंगे।

### महिला की हुई मौत कारण है अज्ञात

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 15 गोविंदपुर निवासी 80 वर्षीय अन्नू सरकार पिता स्व. विमल का 26 अप्रैल को सुबह साढ़े 9 बजे अज्ञात कारणों से मौत हो गया। भोला साना पिता स्व. विमल ने पुलिस को बताया कि मृतिका उनकी बुआ थी, जिनका अज्ञात कारणों के चलते मौत हो गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवचेना में लिया है।

# चार बार नक्सली हमले, फिर भी मेरी सुरक्षा में लापरवाही : तामो

## सरकार बदलते ही सुरक्षा में लापरवाही, पीएसओ के खिलाफ कार्रवाई के लिए लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

■ दो माह बीत चुके सुरक्षा अधिकारी ने नहीं दी तवज्जो

प्रदेश कांग्रेस सचिव राजकुमार तामो ने अपनी सुरक्षा में पीएसओ द्वारा बरती जा रही लापरवाही की लिखित शिकायत की है। बावजूद कोई कार्यवाही नहीं किए जाने पर असंतोष व्यक्त करते हुए जिला कांग्रेस भवन में शनिवार को प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि मुझ पर चार बार नक्सली हमले हो चुके हैं। वर्तमान में मुझे वाय प्लस श्रेणी की सुरक्षा विगत 2015 से प्राप्त है। 10 जनवरी से मैं बिना सुरक्षा के भ्रमण कर रहा हूं।

नक्सलियों से मुझे जान का खतरा बना हुआ है। जिसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन देकर किया गया। लेकिन आज तक एपीसी नहीं बदला गया। तामो ने कहा कि नक्सलियों द्वारा मेरी रेकी की जा रही है। सुरक्षा नहीं होने के कारण मेरे ऊपर कभी भी हमला होने की संभावना बनी हुई है।

चार बार हो चुके हैं नक्सली हमले, अभी वाय प्लस श्रेणी की सुरक्षा



### सुरक्षा अधिकारी की पोस्टिंग नहीं

दो माह में सुरक्षा प्रभारी एपीसी के स्थान पर अन्य प्रभारी अधिकारी नियुक्त नहीं किए जाने को लेकर उन्होंने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार बदलते ही सुरक्षा में लापरवाही बरती जा रही है। ज्ञात हो कि कांग्रेस प्रदेश सचिव राजकुमार तामो के ऊपर 2007, 2011, 2012 तथा 2014 में नक्सलियों द्वारा प्राण घातक हमला किया जा चुका है। जिसके कारण इन्हें 2015 में शासन द्वारा वाय प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है।

## समस्या : व्यापारी संघ को निगम आयुक्त से शीघ्र निदान का दिया आश्वासन

# चिकन अपशिष्ट से संजय बाजार संक्रमण की चपेट में, दुर्गंध से ग्राहक व व्यापारी बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



■ कचरा हटाने और चिकन दुकानें अन्यत्र शिफ्ट करने का निगम आयुक्त से दिया आश्वासन

नगर के सबसे बड़े सब्जी बाजार संजय मार्केट में चिकन कार्नर और मृत अवशेषों से उठने वाली दुर्गंध से स्थानीय सब्जी विक्रेता और नगरवासियों का बाजार में चलना दुभर हो गया है। लगातार शिकायतों के बावजूद निगम सरकार इस दिशा में कोई कठोर कदम नहीं उठाने से संजय बाजार के व्यापारियों में आक्रोश है। कुल मिलाकर संजय बाजार चिकन अपशिष्ट से संक्रमण की चपेट में है। पिछली सरकार में भी सुनवाई ना होने के बाद नई सरकार से व्यापारियों को अपेक्षा थी पर इस बार भी प्रशासन के ढुलमुल रवैए एवं निगम के कर्मचारियों से शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने से नाराज संजय बाजार व्यापारी कल्याण संघ के सदस्य निगम आयुक्त के बुलावे पर एक बार फिर अपनी समस्या लेकर शनिवार को निगम कार्यालय पहुंचे। आयुक्त हरेश मंडावी ने पदाधिकारियों की बात ध्यान से सुनी और जल्द ही चिकन व चिल्हर फिश मार्केट को अन्यत्र स्थानांतरित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सबसे पहले जानवरों के वेस्ट के एकत्र होने से उठने वाली दुर्गंध को रोकने जल्द कचरे को शिफ्ट करने का काम चालू किया जायेगा। व्यापारियों ने शिकायत कि है की निगम द्वारा सब्जी विक्रय के लिए जो कॉम्प्लेक्स की दुकानें ऐलाट की गई थी उसके सामने सड़क के उपर दर्जनों चिकन कार्नर खोल लिए गए है। बाहर से बड़ी-बड़ी गाड़ियां सड़क के उपर चिकन खाली करने घंटों खड़ी रहती है जिससे आवाजाही प्रभावित होती है। व्यापारी संघ के अध्यक्ष पंकज सिंघल ने कहा कि आयुक्त के आश्वासन के बाद व्यापारियों को उम्मीद है की सब्जी विक्रेता और ग्राहकों को जल्द ही इस समस्या से छुटकारा मिल जाएगा। देखा जा रहा है की चिकन कार्नर के अलावा कुछ महिलाओं के द्वारा सड़क के बीच में मछली विक्रय किया जा रहा है जबकि प्रशासन द्वारा मटन व मछली विक्रय करने पूर्व से स्थल निश्चित किया गया है। ये मछली विक्रेता दिन भर सड़क पर मछली विक्रय करते है और शाम को उसके वेस्ट को सड़क पर ही फेंक कर चले जाते है जिससे सड़ने से भी दुर्गंध फैलती है।

### अब बाजार होगा सीसीटीवी की निगरानी में

आयुक्त के साथ व्यापारी संघ की आज की बैठक में कुछ सार्थक परिणाम भी निकलकर आए। व्यापारियों ने अपने खर्चे से संजय बाजार क्षेत्र में सीसीटीवी इंस्टाल करने की बात कही है। इससे इस क्षेत्र में आए दिन हो रही छुटपुट चोरी की वारदातों में भी कमी आयेगी और कचरा मैनेजमेंट में भी सहयोग मिलेगा। अध्यक्ष ने सुझाव दिया कि इसका कंट्रोल पैनल इस क्षेत्र में स्थित पुलिस चौकी में रखा जाएगा ताकि 24 घंटे यहां निगरानी रखी जा सके।

### जुर्माने की होगी कार्रवाई

संजय बाजार में अलग से मटन, मछली और चिकन मार्केट की व्यवस्था की गई है। लेकिन चिकन मार्केट सब्जी मार्केट के साथ व्यापार हो रहा है। चिकन का अपशिष्ट दुकानदार खुले में फेंक रहे है। इससे संक्रमण की सम्भवना है। अब जिसके द्वारा चिकन अपशिष्ट खुले में फेंका जाएगा, उसके विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। समझाईश के बाद भी दुकानदार गलती करता है तो उसके दुकान का लाइसेंस निरस्त किया जाएगा।

- **हरेश मंडावी**, नगर निगम आयुक्त

## शबरी में डूबे अभिषेक का शव 32 घंटे के बाद मिला



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ नक्सल क्षेत्र होने से फोर्स लगाकर गोताखोरों की टीम ने खोजबीन की

राजनांदगांव से घूमने जगदलपुर आया युवक अभिषेक उतकेल का शव 32 घण्टे बाद शबरी नदी में मिला। गुरूवार की शाम दोस्तों के साथ वह शबरी नदी में नहाने उतरा था जहां गहरे पानी में जाने से वह नदी में बह गया जिसकी सूचना नगरनार थाने में दी गई थी। एसडीआरएफ के जवानों के प्रयास से शव शनिवार की दोपहर 12 बजे के करीब घटनास्थल से 5 किलोमीटर दूर ताल्लूर घाट के पास बरामद कर परिवार के सुपुर्द किया गया। अतिसंवेदनशील नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण घटना स्थल पर पुलिस बल बड़ी संख्या में तैनात रहा। जिनकी मौजूदगी में एसडीआरएफ के जवानों ने शव ढुंढने का प्रयास लगातार जारी रखा। नगरनार टीआई ने एसडीआरएफ के जिला सेनानी एस मार्बल को घटना की जानकारी दी थी। टीआई नगरनार तामेश्वर चौहान ने हरिभूमि से कहा कि शनिवार को अभिषेक का शव बरामद किया गया। इस कार्य में एसडीआरएफ की मदद ली गई थी। साथ ही स्थानीय ग्रामीणों का भी सहयोग लिया गया। नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने से स्पेशल फोर्स लगाया गया था। एरिया डॉमिनेशन किया गया। शव का पोस्टमार्टम कर परिजन को सौंप दिया गया है।

# शादी घर के सामने से बाइक की चोरी, आरोपी की तलाश

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत तुएगहन में शादी घर के सामने खड़ी बाईक किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। चोरी हुई बाईक की कीमत 25 हजार रूपए है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना में शिकायत करने पहुंची 35 वर्षीय मीनाक्षी नेताम ने पुलिस को बताया कि मेरे पति स्व. कमलेश नेताम के नाम का मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 एए 3066 को मेरे बहन का लड़का यतिश पाल को चलाने के लिए दिया था। यतिश ने 26 अप्रैल की सुबह 9 बजे मुझे बताया कि मैं अपने मौसा के मोटर सायकल से 25 अप्रैल को अपने दोस्त के घर शादी कार्यक्रम में रात 8 बजे ग्राम तुएगहन गया था। मोटर सायकल को मंडप के सामने रोड किनारे में खड़ा कर शादी टिकावन देने घर अंदर गया था। रात करीबन साढ़े 8 बजे वापिस घर आने के लिए मोटर सायकल के पास आया तो उक्त जगह पर मोटर सायकल नही था। गायब मोटर सायकल के बारे में आसपास पता तालाश किए, लेकिन कोई पता नही चला। अज्ञात चोर के द्वारा मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 एए 3066 जिसकी कीमत 25 हजार रूपए को चोरी कर ले गया। मोटर सायकल चोर गैंग विगत दिनों कोंडागांव में पकड़ाया था, आजकल नाबालिग चोर ऐसी घटनाओं को शौक पूरा करने के लिए ज्यादा अंजाम दे रहे है। शहर में छिटपुट जो चोरी हुई है, उसमें भी ऐसे ही असामाजिक तत्वों के संलिप्त होने की बात सामने आ रही है। चोरी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 379 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।







### 1527 दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को मिली दिव्यांग रथ की सुविधा

**कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के दौरान शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदान दिवस के दिन दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं के लिए निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं की मांग पर मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक पहुंचाने तथा मतदान पश्चात वापस घर तक पहुंचाने के लिए निःशुल्क वाहन उपलब्ध कराया गया। उप संचालक समाज कल्याण विभाग ने बताया कि जिले के तीनों विधानसभा में 706 दिव्यांग और 421 वरिष्ठ मतदाताओं सहित कुल एक हजार 527 मतदाताओं को दिव्यांग रथ की सुविधा मिली।

# बारिश के दौरान रावली नाला में पानी चढ़ने से 12 गांव का टूट जाता है संपर्क

**कांकेर/दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम परभेली एवं सोनादाई के मध्य में स्थित रावली नाला पर बारिश के दिनों में लगभग चार माह तक पानी का तेज बहाव होता है, जिसके कारण गांव का सपर्क टूट जाता है। क्षेत्र के लगभग 10 से 12 गांव के रहवासी अपने आवश्यकताओं का सामान लेने के लिए रावली नाला को जान जोखिम में डालकर बेखौफ होकर नाला को पार करते हैं, जिससे सदैव दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। जानकारी के अनुसार रावली नाला के दोनों छोर में पक्की सड़क बनने के बावजूद नाला में पुल का निर्माण आज तक नहीं हो पाया है। ग्रामीणों के द्वारा लगातार शासन, प्रशासन व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के संज्ञान में कई बार लाया गया है, उसके बाद भी आज तक पहल नहीं हो पाई है। बारिश के दौरान इस नाला में पानी ज्यादा आ जाने से पानी का बहाव तेज हो जाता है, इसलिए इस ईलाके के लगभग 12 गांव के लोगों का जनजीवन चार माह प्रभावित रहता है। इस दौरान बहुत जरूरी होता है तो जान जोखिम में डालकर नाला को पार करना होता है। ऐसी परिस्थितियों में आमजन कोड़ेकुर्से मार्ग होते हुए दुर्गुकोंदल से भानुप्रतापपुर जाने में लगभग 60 किमी. की दूरी तय करना पड़ता है, इसके कारण आने-जाने में परेशानी होती है। रावली नाला में पुल का निर्माण होता हो यह दूरी 30 किमी. पड़ेगा और उस क्षेत्र के लगभग 10-12 गांव के ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा।



### किसी ने नहीं दिया ध्यान

ग्रामीणों का कहना था कि रावली नाले पर पुलिया बनाने अनेक बार शासन प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई गई, लेकिन आज तक किसी भी अधिकारी या जनप्रतिनिधि ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। प्रशसान से हमारी मांग है कि 12 गांव के लोगों की परेशानी को समझते हुए पुलिया जल्द बनाने की पहल किया जाए।

## पाठक सूचना

**हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

गुरू व शुक्र तारा के अस्त होने के कारण बनी ऐसी परिस्थितियाएं

*गुरु व शुक्र तारा अस्त होने से मई और जून में एक भी विवाह मुहूर्त नहीं है। इसके बाद चातुर्मास होने से चार माह कोई विवाह मुहूर्त नहीं है। हर साल मई और जून में शादियों का मुहूर्त होता है, परंतु 24 साल के बाद मई और जून में एक भी विवाह मुहूर्त का योग नही बन रहा है। इससे पहले वर्ष 2000 में भी ऐसी ही स्थिति बनी थी।*

# 24 साल के बाद मई और जून में एक भी विवाह मुहूर्त का नहीं बन रहा योग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

सूर्य के नजदीक जो भी ग्रह आता है, उसे शास्त्रों में अस्त माना जाता है। सनातन धर्म में ज्योतिष शास्त्र का विशेष महत्व है। इस शास्त्र के माध्यम से भविष्य की गणना की जाती है। ज्योतिष कुंडली देखकर व्यक्ति विशेष को करियर-कारोबार, प्यार, विवाह, संतान समेत सभी प्रकार की जानकारी देते हैं। विवाह 16 संस्कारों में से एक है और हिंदू धर्म में विवाह की तारीख, मुहूर्त और तिथियां देखकर तय की जाती है ताकि वर-वधु का दांपत्य जीवन शुभ और मंगलमयी हो। शुभ मुहूर्त में की गई शादियों से नए दंपत्ति को सौभाग्य की प्राप्ति होती है। ज्योतिषशास्त्रों की मानें तो दोनों ग्रहों का शुभ विवाह के लिए उदय होना शास्त्र सम्मत है। विवाह के लिए शुक्र व गुरु ग्रह का उदित रहना जरूरी है, क्योकि दोनों ग्रह विवाह के कारक हैं। इनके अस्त रहने पर विवाह नहीं होते हैं। 23 अप्रैल, 2024 को शुक्र ग्रह दोपहर में अस्त हो गया है, जो 29 जून तक अस्त रहेगा। वहीं 6 मई से गुरु ग्रह भी अस्त हो जाएगा, जो 2 जून को उदित होगा, परंतु शुक्र अस्त ही रहेगा, इस कारण से मई व जून माह में विवाह की शहनाई नहीं बजेंगी।



### अक्षय तृतीय पर नहीं है मुर्हूत

इस बार 10 मई 2024 को अक्षय तृतीया पर्व है। यह दिन भी शादियों के लिए बड़ा अबूझ मुहूर्त होता है। इस बार अक्षय तृतीया पर शुक्र ग्रह अस्त होने के कारण शादी का मुहूर्त नहीं होगा यानी इस दिन शहनाई नहीं बजेगी।

NEET एवं JEE एक जूनून है और GOAL इसकी शुरूआत!

GOAL® Educational Services Pvt. Ltd. Nation's Leading Institute

आप NEET STUDENT कहां जा रहे हो, मैनें तो अपना रिजल्ट GOAL से ही बनाया हैं।



" मैं डॉक्टर मनोज चंद्राकर (MBBS-MD, Director of Chandrakar Nursing Home, Bilaspur) जब भिलाई आकर गोल इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर रंजीत सर से मिला था तब तत्कालीन गोल से कोचिंग कर मेरा ऑल इंडिया रैंक 283 आया था और मुझे BJ Medical College, अहमदाबाद में एडमिशन मिला था। आज मैं जब भिलाई आया तो रंजीत सर की याद आई और मैं सर से मिलने गोल इंस्टीट्यूट आ गया। सर मुझे देख कर बहुत खुश हुए और विनम्रतापूर्वक अपने अंदाज में पूछा, 'आप कैसे हैं और आपका हॉस्पिटल सेवा भाव कैसा है? मैंने कहा आज पीडिया में बच्चों का डॉक्टर बन बहुत अच्छा कर रहा हूँ, फिर रंजीत सर ने कहा कि बहुत समय के बाद आए हैं तो गोल के ड्रापर NEET 2024 के Aspirant से मिल लीजिए और उन्हें प्रोत्साहित कीजिए, फिर मैं NEET-2024 Aspirant से मिला और सभी छात्रों को मोटिवेट किया। आज 'गोल' में दी गई सुविधाएं जैसे कि एसी क्लास रुम, लाइब्रेरी, 20 से ज्यादा Best Faculty टीम और हॉस्टल को देखकर बहुत अच्छा लगा। हमारे समय में इतनी व्यवस्था नहीं थी पर तब भी गोल संस्थान में हमारे बैच में 15 छात्र थे और सभी का गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में चयन हो गया था।"

ADMISSION OPEN

FOUNDATION 11th & 12th for Board, NEET / JEE | DROPPER BATCH NEET / JEE 2025 Registration Open | GOAL FAMILY WISHING YOU All The Best for Your NEET-2024

BHILAI 166, NEW CIVIC CENTRE, PH- 0788-4013502, 7415884100 | BHILAI GOAL GENIUS CAMPUS, RISALI, PH- 0788-4040300, 7772060999 | BHILAI 139, ZONAL MARKET, SECTOR-10, PH- 9826943595 0788-4064100 | RAIPUR BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711

**खबर संक्षेप**



## इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी में हनुमंत लला का प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मना

**धमतरी**। इस वर्ष भी इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी में हनुमंत लला का प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सुबह गलियों की साफ-सफाई कर जगह-जगह रंगोली बनाकर व पूरी कॉलोनी में धर्मध्वजा व तोरण फहराकर कॉलोनी को दुल्हन की तरह सजाया गया था। बच्चों में हनुमान जी, श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता के गेटअप में तैयार होने की बड़ी उत्सुकता थी। शाम को बड़ी संख्या में बच्चे विभिन्न गेटअप में तैयार होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ा रहे थे। टीम कौशल द्वारा सुन्दरकाण्ड व टीम भावना द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। क्षमा याचना, प्रार्थना के साथ महाप्रसादी का वितरण किया गया। मौके पर भावना साहू, मीरा, सत्यभामा, लल्ली, हेमलता साहू, लक्ष्मीसौन्दर्य, देव अंगन कंवल, कौशल, स्वाति गौर, दर्शना बाजपेयी, शांति बाघ, अंकिता ओझा, सोनी मेडम, कल्पना गुप्ता, राजेश खिलौसिया, शैलेश बाजपेयी, अनिल साहू, आनंद प्रसाद, मनोहर लाल, भूपेंद्र गौर, राकेश गुप्ता, प्रदीप शर्मा,विनम्र साहू, शाश्वत, रियो, छवि समेत अन्य उपस्थित थे।

## नए मतदाताओं में दिखा उत्साह



**धमतरी**। लोकतंत्र के महापर्व में बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर मतदान किया। इस अवसर पर बुजुर्ग और दिव्यांग मतादाताओं को मिलने वाली सुविधाओं को उन्होंने सराहा। इसके अलावा लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल होकर युवा मतदाता काफी उत्साहित थे।




लोकसभा चुनाव में वोट डालने युवाओं में रहा जोश।

# सिपाही हरीश व कलिंनदर को पूर्व सैनिक परिषद ने दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ अग्निवीर और जिला पुलिस बल में भर्ती के लिए सिपाहियों ने दिया नि :शुल्क सैन्य प्रशिक्षण

भारतीय थल सेना के राष्ट्रीय राइफल में पदस्थ सिपाही हरीश कोर्राम निवासी जैतपुरी और आर्टिलरी में पदस्थ सिपाही कलिंनदर पोयाम निवासी बडे भीरावंड छुट्टियों के दौरान अपने गृहग्राम आये हुए थे इस दौरान अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव द्वारा संचालित निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण में पूर्व सैनिकों के साथ मिलकर प्रतिदिन बच्चों को अग्निवीर और जिला पुलिस बल में चयनित होने के निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विकास नगर स्टेडियम पहुंचते थे स अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के जिलाध्यक्ष सूरज यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि कोंडागांव जिला मे लगभग 500 से ज्यादा जवान भारतीय थल सेना में अपनी सेवाएं दे रहें हैं और जब वे छुट्टियों के दौरान अपने घर आते हैं तो जिन ब्लॉक में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के द्वारा निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण दिया जा रहा है वंहा पहुंचकर युवाओं को निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्रदान करते हैं स दिनाँक 26 अप्रैल को छुट्टियां खत्म होने पर सिपाही हरीश कोर्राम और सिपाही कलिंनदर पोयाम को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर उन्हें विदा किया गया और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दिया गया स इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के जिलाध्यक्ष सूरज यादव, सचिव उमेश साहू, सेवारत सैनिक उमेंद्र मरकाम, सेवारत सैनिक घिना नेताम, सेवारत सैनिक शिवनाथ यादव और निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे 300 युवक एवं युवतियां मौजूद रहे।





### मतदान कर निकले मतदाताओं ने कहा- जिसने बेहतर काम किया, उसी की जय-जय है

# सांसद चुनने शहर से लेकर गांव तक दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कुरूद

लोकसभा चुनाव में अपनी-अपनी पसंद का सांसद चुनने सुबह सात बजे से बूथों पर मतदाताओं की कतार दिखने लगी थी। मतदाता झुंड में तो एक-दो की संख्या में भी पहुंच रहे थे। इस बीच प्रत्याशी के समर्थक उनके मन की इच्छा जानने की कोशिश करते तो वह मुस्कुराकर निकल जाते। यह नजारा शहर से लेकर गांव तक दिखा।

शहर की गलियों में भले ही भाजपा-कांग्रेस को लेकर अंकगणित चलता रहा लेकिन बूथों पर मतदाताओं की खामोशी सभी को बेचैन करती रही। कुरुद विधानसभा की सेमरा पंचायत खपरी में आबादी के पहले ही दुकान पर ग्रामीण खिलावन, नारद, चन्द्रशेखर, गजेंद्र, घनश्याम, मतदान को लेकर बातचीत कर रहे थे। अचानक हमें देख बात धान की फसल पर आ गई। जब बताया कि राजनीतिक दल से कोई वास्ता नहीं है तो चंद्रशेखर बोले हम कह रहे थे कि इस बार बाहर का वोटर कम आया है। यहां किसका रुझान है, पूछने पर गजेंद्र बोले दोनों ओर है। खिलावन बोले जो काम किया है, उसे वोट मिलेगा।

गांव से निकलकर भखारा व कुरुद के नगर बूथ के सामने एक महिला भूमिका कहती हैं कि यहां मोदी की गारंटी के आगे सब फेल हो जाएंगे। साथ चल रहे एक और ने टोका, भाभी चुप रहो। पास से जा रहे युवक यीशु व सोमप्रकाश रुक गए, बोले जिसने बेहतर काम किया उसी की जय-जय है। बगदेही की सात-आठ महिलाओं का झुंड वोट डालकर बाहर आता दिखा, रोकने पर रुक तो गईं लेकिन जैसे ही वोट किसको दिया, शब्द सुना तो बिना कुछ बोले चुपचाप आगे निकल गईं। ये हालात लगभग सभी बूथों पर नजर आए।





# अग्निवीर में चयनित युवा ट्रेनिंग के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी



फ्रीडम फिजिकल ट्रेनिंग से अग्निवीर में चयनित होने वाले युवाओं की ट्रेनिंग अलग-अलग स्टेट में हो रही है। फ्रीडम फिजिकल ट्रेनिंग के संचालक लोकेश साहू ने बताया कि युवा राहुल कुमार साहू, दिगेश्वर नेताम हैदराबाद में ट्रेनिंग के लिए रवाना होंगे। चंदन कुमार लखनऊ में ट्रेनिंग लेंगे। राजेंद्र कुमार बिहार रेजीमेंट में ट्रेनिंग के लिए जा रहे हैं। श्री साहू ने आगे बताया कि यहां आकर युवा अपने सपनों को साकार कर रहे हैं। फ्रीडम फिजिकल ट्रेनिंग से कई युवाओं का अग्निवीर, बीएसएफ, सीआईएसएफ, एयर फोर्स में चयन हुआ है। रुद्रा सेवा समिति अध्यक्ष लोकेश्वरी साहू व राहुल सोनकर, नेहरू युवा केंद्र के भूपेंद्र दास मानिकपुरी व कार्यक्रम अधिकारी नितिन शर्मा, आकाशगिरी गोस्वामी, शेषनारायण गजेन्द्र ने अग्निवीर में चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी है।

# दिव्यांग को मिला व्हीलचेयर की सुविधा, किया मतदान



■ राष्ट्र निर्माण के लिए प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता आवश्यक : रामू

■ मां भारती के शान की रक्षा करने मतदाताओं में रहा उत्साह : प्रीतेश गांधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

मतदान के लिए मतदाताओं में विशेष उत्साह आम मतदाताओं के साथ-साथ दिव्यांगजनों में भी देखने को मिला। इसी तरह का नजारा नयापारा वार्ड के बूथ क्रमांक 171 नगर पालिका उच्चतर माध्यमिक शाला में देखने को मिला। दिव्यांग मतदाता दीपाली सोनी उम्र 22 वर्ष को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य प्रीतेश गांधी उनके घर पहुंचकर मतदान करने अपनी सेवाएं ही प्रदान नहीं की बल्कि स्वयं व्हीलचेयर को अपने हाथ में लेकर मतदान केंद्र की निश्चित दूरी तक पहुंचाते हुए मतदान के लिए सहयोग प्रदान किया। पार्षद राजेंद्र शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री अविनाश दुबे, नरेंद्र जायसवाल, सुभाष चंद्राकर, वैभव साहू, घनश्याम चंद्राकर, हेमंत चंद्राकर, गोपाल साहू ने भी सेवाएं प्रदान की। इस अवसर पर श्री रोहरा ने कहा कि लंका विजय में रामसेतु निर्माण में जो भूमिका गिलहरी की थी वैसे ही राष्ट्र के निर्माण में मतदाताओं की होती है। प्रीतेश गांधी ने कहा कि आज राष्ट्र का प्रत्येक नागरिक राष्ट्र के प्रति अपनी जवाबदेही समझते हुए मतदान करने पहुंचे। मतदाताओं में काफी उत्साह रहा जिससे कहा जा सकता है कि 400 पार अब तय है। कोई भी ताकत उसे नहीं रोक सकती।

# मतदान केंद्र में लगाई यातायात प्रदर्शनी

■ यातायात नियमों की दी जानकारी, बच्चों के लिए कैरम, लूडो की व्यवस्था, स्वास्थ्य जांच भी हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

यातायात नियमों के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने ट्रेफिक पुलिस द्वारा गोकुलपुर मतदान केंद्र में यातायात प्रदर्शनी लगाई गई।

लोकसभा चुनाव के मतदान दिवस पर शुक्रवार को एसपी आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन में यातायात डीएसपी एमएस चंद्रा एवं यातायात स्टाफ द्वारा मतदान करने आने वाले मतदाताओं को ट्रेफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आदर्श मतदान केंद्र स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट उमावि गोकुलपुर के मतदान केंद्र क्रमांक 114 में प्रदर्शनी लगाई गई। मतदाताओं को यातायात के संकेतों, उपकरणों की सहायता से जानकारी दी गई। इसके साथ पाम्पलेट देकर दोपहिया वाहनों में बिना हेलमेट, तीन सवारी नहीं चलाने, सीट बेल्ट लगाकर ही चारपहिया वाहन चलाने, शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाने, नाबालिगों को वाहन नहीं देने, बिना ड्राइविंग लायसेंस के वाहन नहीं चलाने की जानकारी देकर यातायात नियमों का पालन स्वयं करने के साथ साथ रिश्तेदार, परिजन, दोस्तों व पड़ोसियों को भी नियमों का पालन कराने प्रोत्साहित किया गया। मतदान केंद्र में लगी यातायात प्रदर्शनी में प्रआ पेमन साहू, आरक्षक कीर्तन भारती व यातायात मितान जोहतराम नेताम मौजूद थे।



### बच्चों ने खेला लूडो, कैरम

बच्चों के लिए आदर्शन मतदान केन्द्र गोकुलपुर में कूलर की ठंडी हवा के साथ कैरम, लूडो, सांप सीढ़ी खेल की व्यवस्था महिला एवं बाल कल्याण विभाग के द्वारा की गई थी। साथ ही निगम प्रशासन की ओर से मीठे शरबत की व्यवस्था की गई थी। इसी तरह स्वास्थ्य विभाग के द्वारा शुगर एवं बीपी जांच की व्यवस्था की गई थी।



# खड़े ट्रक से कार टकराई एक महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

केशकाल नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी रजा राइस मिल गोरगांव, राजा स्टील प्लांट एवं फैशन हाउस केशकाल के ओनर हाजी इकबाल भाई की पत्नी हजियानी हमीदा बाई का केशकाल से कोंडागांव की ओर जाते हुए मासुकोकेडा के पास सड़क दुर्घटना में निधन हो गया है। पारिवारिक कार्य से हाजी इकबाल भाई का परिवार उनकी पत्नी बहू एवं बेटे के बच्चे कोंडागांव की तरफ जा रहे थे रास्ते पर केशकाल से 15 किलोमीटर आगे मासुकोकोडा के पास मोटरसाइकिल को बचाते हुए ड्राइवर ने खड़ी ट्रक को टक्कर मार दी जिसमें कार में सवार सभी सदस्यों को चोट आई है। हाजी इकबाल भाई की पत्नी हजियानी हमीदा बाई की के सिर पर चोट लगी थी जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केशकाल में प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रिफर कर दिया गया था कुछ घंटे बाद उनका निधन हो गया। निधन की खबर सुनते ही पूरे केशकाल में शोक लहर है।

# एसपी ने पोलिंग बूथों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

एसपी ने मतदान के दौरान जिले के पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं अपना मतदान आदर्श मतदान केंद्र में जाकर दिया। लोकतंत्र के महापर्व में चुनाव 2024 के तहत शुक्रवार को मतदान हुआ। इस दौरान एसपी आंजनेय वार्ष्णेय ने जिले में हो रहे मतदान के पोलिंग बूथों का भ्रमण कर केंद्रों में लगे पुलिस बलों का निरीक्षण किया। बूथों में शांति एवं कानून व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी ने आदर्श मतदान केंद्र के पोलिंग बूथ रूद्री में जाकर मतदान किया। केंद्र में बनाये गए सेल्फी जोन में अपनी फोटो भी ली। एसपी ने जनता को भयमुक्त होकर मतदान करने का अहसास दिलाया। इसके साथ ही उन्होंने निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की। इस दौरान एसपी ने सिटी कोतवाली, कुरूद एवं नगरी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर चुनाव डयूटी में तैनात पुलिस व अर्द्धसैनिक बल को शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव संपन्न कराने का संदेश दिया।

# एनएसएस, स्काउटगाइड के छात्रों ने निभाई मतदान मित्र की भूमिका



**धमतरी**। छत्तीसगढ़ लोकसभा चुनाव 2024 के द्वितीय चरण का चुनाव 26 अप्रैल को हुआ। इस चुनाव में जिलाधीश एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार मतदान मित्र के रूप में एनएसएस, स्काउट गाइड एवं रेडक्रॉस के विद्यार्थियों की ड्यूटी लगाई गई थी ताकि मतदान के समय किसी भी मतदाता को असुविधा न हो। बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी इकाई क्रमांक एक निरंजन कुमार एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी इकाई क्रमांक दो आकांक्षा मरकाम के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने मतदान मित्र के रूप में अपनी सेवा प्रदान की। मतदान मित्रों ने प्रातः 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान केंद्र में उपस्थित होकर मतदाताओं विशेषकर बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं की सहायता की। मतदाताओं को मतदान केंद्र कक्ष तक पहुंचाने के साथ लोगों को घर जाकर उन्हें मतदान केंद्र तक लाने का कार्य किया गया। स्वयंसेवकों अनीता मेश्राम, मेनका, अपर्णा शर्मा, खोमेश्वरी, कुशल डिंडोलकर ने महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए मतदान मित्र के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान की।

# नवकार महिला मंडल ने की गौ सेवा

**धमतरी**। नवकार महिला मंडल ने आशा देवी गौशाला में जाकर गौ माता की पूजा-अर्चना की। गायों को साग सब्जी, दाना, चारा, लड्डू, गुड़ रोटी खिलाई। अंगारमोती मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों को मठा का वितरण किया। मंडल ने पिकनिक का मजा लिया। सभी अपने घर से व्यंजन बनाकर लाये थे। एक दूसरे को खिलाकर गेम का आनंद लिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संतोष मिनी, सचिव कुसुम गोलचा, कोषाध्यक्ष इंदु जैन, संजू जैन, अंजलि जैन, सरला भुरा, कंचन चोपड़ा, शकुन पिंचा, सुमन राखेचा, रीता छाजेड़ समेत मंडल की सदस्य उपस्थित थी।



## खबर संक्षेप




### कोर्रा के सहकारी बैंक में लगी आग

**धमतरी।** ग्राम कोर्रा स्थित जिला सहकारी बैंक में अचानक आग लग गई। इस घटना में बैंक में रखे कम्प्यूटर सहित अन्य दस्तावेज जल गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला सहकारी बैंक की शाखा ग्राम कोर्रा में संचालित है। शुक्रवार की दोपहर लोगों ने बैंक की बिल्डिंग से धुआं निकलते देखा। बैंक के सामने लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास शुरु कर दिया। शाखा प्रबंधक द्वारा भीतर रखे दस्तावेजों को हटाया गया तब तक आग ने कम्प्यूटर सहित इलेक्ट्रानिक उपकरण व पासबुक को चपेट में ले लिया था। सूचना पर पुलिस भी तत्काल मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लगभग 45 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन इस आग में सीपीयू, मॉनिटर, प्रिंटर व पासबुक खाक हो गया।

### ट्रक की ठोकर से स्कूटी सवार घायल

**धमतरी।** मुजगहन मार्ग से गुजर रहे स्कूटी सवार को तेज रफ्तार ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार राजिम क्षेत्र के ग्राम पारागांव निवासी राजेश देवांगन उम्र 45 वर्ष अपने रिश्तेदार के यहां शादी कार्यक्रम में आया था। युवक शुक्रवार की सुबह स्कूटी क्रमांक सीजी 05 एच 5983 में सवार होकर मुजगहन मार्ग से गुजर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक सीजी 27 एच 8650 ने स्कूटी को चपेट में ले लिया। इस घटना में युवक का बायां पैर पूरी तरह फ्रेक्चर हो गया। युवक के दूसरे पैर व शरीर की अन्य जगह पर चोट आई है। सूचना पर रक्तदान एम्बुलेंस व संजीवनी 108 घटनास्थल पहुंच गई।

# कांग्रेस छत्तीसगढ़ में 11 की 11 सीटे हार रही है, इसीलिए हताशा में रोज पीएम मोदी को अपशब्द कह रही है: देव

- लोकसभा चुनावों के दोनों चरणों में कांग्रेस बुरी तरह पिछड़ी इसलिए निराश
- कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष द्वारा पीएम मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी पर बोले किरण देव
- प्रधानमंत्री पर बैज की टिप्पणी कांग्रेसियों की असंतुलित मनोदशा, हताशा और कुंठा का राजनीतिक प्रलाप है : भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की ताजा टिप्पणी को कांग्रेसियों की असंतुलित मनोदशा, हताशा और कांग्रेस टिकट कट जाने से उपजी कुंठा का राजनीतिक प्रलाप बताया है। देव ने आज कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मानसिक स्थिति को खराब बताने वाले कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बैज दरअसल कांग्रेस के तमाम लोगों की मनोदशा को रेखांकित कर रहे हैं। जिसके नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत अपने ही प्रत्याशियों को लठैत बताकर प्रधानमंत्री मोदी का सिर फोड़ने की बात करते हैं, तो कभी कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा कवासी जीतेगा, मोदी मरेगा कहकर अपने राजनीतिक चरित्र का प्रदर्शन करते हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कांग्रेस ने सनातन संस्कृति, हिन्दुत्व और भगवान राम के प्रति अपनी घृणा का हर कदम पर प्रदर्शन किया है। जिस कांग्रेस ने राममंदिर निर्माण में हर बार रोड़े अटकाकर इस मसले को भटकाने व लटकाने का काम किया। जिस कांग्रेस ने प्रभु श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का न्योता ठुकराकर भगवान राम के ननिहाल व मां शबरी की धरती छत्तीसगढ़ की आस्था व भावनाओं का घोर अपमान किया, उस कांग्रेस द्वारा तुष्टीकरण के एजेंडे पर चलकर देश के संसाधनों पर पहला हक संप्रदाय विशेष का बताने वाली कांग्रेस के राजनीतिक चरित्र को जनता अच्छी तरह परख चुकी है।



इसीलिए हर तरीके के हथकण्डे अपनाने के बावजूद कांग्रेस लोकसभा चुनाव के लिए सम्पन्न हुए दो चरणों के मतदान में बुरी तरह पिछड़ चुकी है। देव ने कहा कि अंतर्कलह से जूझते कांग्रेस नेताओं में कुछ टिकट काटे जाने की कुंठा और कुछ जबरिया टिकट थोपे जाने से क्षुब्ध होकर हार की हताशा में कब, कहां, क्या और क्यों बोल रहे हैं, उन्हें खुद इसका भान नहीं रह गया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि लोकसभा चुनाव हेतु मतदान के दो चरणों में देश सहित छत्तीसगढ़ में भाजपा को मिली ऐतिहासिक बढ़त एवं कांग्रेस नेताओं द्वारा कांग्रेस छोड़े जाने से कांग्रेसी खुद अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। इस बार कांग्रेस का कोई हथकण्डा काम नहीं कर रहा है, इसलिए भी वे ऊलजलूल बयान देकर चुनावी वातावरण को विषाक्त करने में लगे हुए हैं। देव ने कहा कि दरअसल कांग्रेस की तुष्टीकरण की राजनीति भी अब पूरी तरह बेनकाब हो चुकी है और जनता अब कांग्रेस से घृणा करने लगी है। कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र में किए गए झूठे वादों की तो पोल कांग्रेसी खुद ही खोल रहे हैं। महिलाओं से फार्म भरवाए जाने को फर्जी बताते हुए बस्तर के जिला कांग्रेस अध्यक्ष का लिखा पत्र इसका प्रमाण है। प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर जनता-जनार्दन को अटूट विश्वास है, जो पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के रूप में व्यक्त हुआ और इस लोकसभा चुनाव में भारी संख्या में मतदान करके जनता-जनार्दन ने कांग्रेस के खिलाफ अपने आक्रोश के रूप में ईवीएम में दर्ज कर दिया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि वामपंथियों की कठपुतली बन चुकी कांग्रेस छत्तीसगढ़ में साफ होने जा रही है। कांग्रेस के न प्रत्याशी प्रचार में दिखाई दे रहे हैं, न कोई स्टार प्रचारक आ रहे हैं। पिछले दिनों राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की हुईं रैलियां भी पूरी तरह फ्लॉप रहीं। देव ने कहा कि कांग्रेस के भ्रष्ट कारनामे, घपले-घोटाले जनता को याद है। वादाखिलाफी, प्रदेश के हर वर्ग के साथ धोखाधड़ी, अनाचार, दुराचार, अन्याय, अत्याचार की जो कलंक-कथा कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार के शासनकाल में लिखी गई है, उससे कांग्रेस के प्रति लोगों के मन में अब भी जबर्दस्त आक्रोश है। देव ने फिर दुहराया कि प्रदेश की जनता-जनार्दन ने छत्तीसगढ़ को इस बार कांग्रेसमुक्त करने का संकल्प ले लिया है।

मतदान के दो चरणों के मतदान से अब यह आईने की तरह साफ दिखाई दे रहा है कि बस्तर, कांकेर, राजनांदगांव और महासमुंद लोकसभा सीटों पर भाजपा प्रचंड बहुमत से विजयी हो रही है। विधानसभा चुनाव में जिन क्षेत्रों में कांग्रेस विजयी हो गई थी, इस लोकसभा चुनाव में जनता उस भूल का सुधार कर कांग्रेस को राजनीति के मैदान में धूल चटाने जा रही है।

## आत्मानंद स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम स्कूल लोहंडीगुड़ा में आज अभिभावक शिक्षक बैठक में वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा प्राचार्य ने की। पूरे वर्ष भर की विद्यार्थियों की मेहनत और ज्ञान का आकलन कर उसे नंबरों के माध्यम से पालकों को दिया गया। स्वामी आत्मानंद स्कूल लोहंडीगुड़ा के विद्यार्थियों का शत-प्रतिशत परिणाम आया। छात्र-छात्राओं को अच्छे परिणाम के लिए प्राचार्य संग समस्त शिक्षकों ने बधाई और शुभकामनाएं दी। ग्रामीण बच्चों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी कक्षाओं में टॉप पांच विद्यार्थियों को स्कूल के तरफ से पुरस्कार भी दिया गया। शेष समस्त बच्चों को भी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य समेत समस्त शिक्षक- शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

## गुणवत्ताहीन कार्य करने वाले ठेकेदार पर प्रशासन करें कार्यवाही : विक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

विधायक विक्रम मंडावी ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा कि उन्हें ग्राम चिन्नागेलुर के ग्रामीणों ने अवगत कराया है कि ग्राम चिन्नागेलूर से तर्रेम मार्ग पर तोयानाला में रपटा एवं एप्रोच रोड निर्माण कार्य जिला निर्माण समिति से किया जा रहा है।

भाजपा नेता व ठेकेदार अजय सिंह द्वारा उक्त निर्माण कार्य को घटिया एवं गुणवत्ताहीन किया जा रहा हैं। रोड निर्माण

- भाजपा नेता व ठेकेदार अजय सिंह पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप

कार्य में भाजपा नेता व ठेकेदार अजय सिंह द्वारा मिट्टी की खुदाई बेस काम के लिए एक फीट से भी कम किया गया है, बारिश के दिनों में पानी बहुत तेजी से बहता है, जिससे एप्रोच रोड पानी में ही बह जायेगा। विधायक विक्रम मंडावी ने आगे कहा, इसी तरह रपटा निर्माण कार्य में भाजपा नेता व ठेकेदार सिंह के द्वारा उसकी मोटाई को बहुत कम करके निर्माण कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में आजादी के बाद पहली बार



तोयानाला में रपटा एवं एप्रोच रोड का निर्माण कार्य हो रहा है। जिससे ग्रामवासी बारिश के दिनों में आवागमन कर सके। उसमें भी भाजपा नेता व ठेकेदार ने घटिया निर्माण कार्य किया है। इस हेतु उक्त निर्माण कार्यों का सभी ग्रामवासी जांच कराना चाहते है और ठेकेदार के विरुध्द कार्यवाही चाहते है। विधायक मंडावी ने भाजपा नेताओं पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा भ्रष्टाचार पर बड़ी-बड़ी भाषण देते थकते नहीं है। अब उनकी सरकार बनने के बाद खुद भाजपा नेता भ्रष्टाचार कर रहे है।

विधायक ने आगे कहा सड़क और रपटा निर्माण को लेकर ग्राम चिन्नागेलुर के ग्रामीणों की शिकायत बेहद गंभीरतापूर्ण है। शासन-प्रशासन ग्रामीणों की मांग को गंभीरता से ले और ग्रामीणों की मांग के अनुसार निर्माण कार्यों की जांच कर संबंधित ठेकेदार पर कार्यवाही करें। इस संबंध में विधायक मण्डावी ने कलेक्टर को पत्र लिखकर उचित कार्यवाही करने की मांग की है। प्रेस वार्ता के दौरान शंकर कुडियम, लालू राठौर, नीना रावतिया उद्दे, बेनहुर रावतिया, जितेंद्र हेमला, मनोज अवलम, बबलू खत्री, पार्षद प्रवीण डोंगरे के अलावा कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### विधायक मंडावी के आरोप पर भाजपा नेता सिंह का पलटवार



- अजय सिंह बोले बिना सीसी लगे कैसे हो गया भ्रष्टाचार

**बीजापुर।** विधायक विक्रम मंडावी के द्वारा रपटा निर्माण में भ्रष्टाचार के आरोप पर भाजपा नेता व ठेकेदार अजय सिंह ने कहा कि सस्ती लोकप्रियता हासिल करने विधायक विक्रम मंडावी अधूरे निर्माण के बावजूद भ्रष्टाचार का आरोप लगा रहे। चिन्ना गेल्लूर से तर्रेम मार्ग पर तोयानाला में रपटा एवं एप्रोच रोड निर्माण कार्य जिला निर्माण समिति से कराया जा रहा है। भाजपा नेता व ठेकेदार अजय सिंह ने कहा कि 34 लाख के निर्माण कार्य को विधायक 49 लाख बता रहे है। चूंकि संवेदनशील क्षेत्र होने से सुरक्षा नही मिलने के चलते कार्य रोका गया था। आधी-अधूरी जानकारी जुटा आरोप लगा रहे है। जबकि निर्माण कार्य 80 फीसदी बचा हुआ है। ग्रामीणों द्वारा शिकायत की बात भी झूठी है। विधायक जिसे प्रमाण बता रहे है, वो प्रमाण नही, अधूरी जानकारी है। जबकि उनके पास कांग्रेस नेताओं के कारनामों का पूरा लिखा चिट्ठा है। आचार संहिता हटने के बाद कांग्रेस नेताओं समेत विधायक कार्यकाल में देवगुड़ी से लेकर तमाम कार्यों की जांच जरूर होगी।

## जल संवर्धन जरूरी वरना हाहाकार मचने का खतरा

# नदी, नाले तालाब सूखने लगे जल स्तर गिरने से मचेगी तबाही

### *पंचायत से लेकर हरेक शासकीय दफ्तरों में पानी संचय के लिये नियम तय हो: सुब्रतो*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर को कभी चेरापूंजी कहा जाता था, जहां 6 माह बारिश होती थी अब बस्तर की स्थिति विकराल हो चुकी है अंचल में बारिश की स्थिति थम गई है, अब अधिक गर्मी होने से बारिश होना गुजरे जमाने की बात हो गई है। इसलिए बस्तरवासियों को इसे संभालना आवश्यक है। अगर जीवन बचाना चाहते हैं तो हमें आगे आना होगा। आज नदी, नालों, बांध जलाशयों की स्थिति अत्यंत दयनीय है। नाले में पानी की जगह सूखे पत्ते पड़े देखे जा रहे है।

तालाबों की स्थिति और चिंताजनक है, जहां पानी दूर-दूर तक दिखना बन्द हो गया है। पशु, पक्षी निस्तारी के लिए वनों में पानी के लिए भटक रहे है तड़प रहे है। गर्मी बढ़ेगी तो पशु पक्षी की मौत पानी की वजह से होगी। भाजपा नगरनार मंडल अध्यक्ष सुब्रतो विश्वास ने जारी बयान में कहा कि ग्रामीण इलाके में स्थिति गम्भीर है। समय पर जल संवर्धन के प्रयास शासन-प्रशासन को करने की आवश्यकता है। बस्तर में सिंचाई सुविधा नहीं होने से किसान परेशान है। तालाबों, नदी पर आश्रित किसान पानी सूखने के कारण फसल को सूखता हुआ छोड़ने को बाध्य है। अनेक गांव में जल की गम्भीर समस्या सामने आ रही है, ये हाल हर इलाके, हर गांव में है। सूरज की तपिश इतनी की घरों से बाहर निकलना मुश्किल है। अब इसे हल्के में लेना नही चलेगा। नदी, नालों के पानी को कैसे रोके ग्राम पंचायत, जनपद, जिला पंचायतों के साथ जल संसाधन विभाग को सामुहिक प्रयास करना होगा।

#### वृक्ष ज्यादा से ज्यादा लगाने अभियान चलाने की दरकार

भाजपा नेता सुब्रतो ने कहा हमे चिंता करनी होगी की वृक्ष हम ज्यादा से ज्यादा लगाएं और उसे बचाएं। हर व्यक्ति जन्म दिन पर एक पौधा लगवाएं उसे घेराबंदी करे रोज पानी दे। हर अवसर पर पेड़ लगाए एक अभियान चलाए, ताकि बादलों को आकर्षित कर वर्षा करवा पाए।लोगो को छांव मिले वाष्पीकरण कम हो, ताजी हवा मिले लोगो को जहरीली हवा से कुछ राहत मिले।

#### जल संवर्धन के लिए गम्भीर प्रयास हो

सुब्रतो विश्वास ने कहा दुख की बात है कि हम इस महत्वपूर्ण विषय पर गंभीर नहीं है, पर आज के समय जनसंख्या नियंत्रण के साथ जल संवर्धन आवश्यक है। जीवन का आधार जल है ,जल है तो कल है वरना सब सुना है।

#### स्टापडेम का पानी उचित समय पर रोकने की आवश्यकता

भाजपा नेता के मुताबिक आने वाले दिनों में बस्तर और छत्तीसगढ़ में जितने भी नदी, नालों में स्टापडेम बने है, उनकी कपाट की जानकारी लेकर जहां आवश्यकता है वहां की चिंता आवश्यक है। ताकि सही समय पर पानी को रोक कर भूजल स्तर को बढ़ाए जल संकट की आने वाली घोर समस्या को दूर करे।

## कोरबा संसदीय क्षेत्र के जिला समन्वयक बने यदु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रदेश संयुक्त महामंत्री दिनेश यदु को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। कोरबा संसदीय क्षेत्र के जिला समन्वयक के रूप में उन्हें नियुक्त किया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री दिनेश यदु को कोरबा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत मनेन्द्रगढ़-चिरमिरि-भरतपुर जिले का जिला समन्वयक नियुक्त किया गया है।



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि पूरी ताकत के साथ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की भावनाओं के अनुरुप छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन में कांग्रेस की रीति-नीति एवं सिद्धांतों पर चलते हुए पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु पूर्ण निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

कोरबा संसदीय क्षेत्र जिला समन्वयक दिनेश यदु ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस तरह शीर्ष नेतृत्व ने मुझे बड़ा दायित्व दिया है। निश्चित तौर पर पार्टी की रीति-नीति एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का कार्य निष्ठापूर्वक करूंगा।


## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड

क्र.-12-11 / सामा./ प्रेस/226

जगदलपुर, दिनांक 26.04.2024

**/ / बिजली बंद की सूचना / /**

जगदलपुर संभाग के समस्त सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 400/220/132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र परचनपाल में 40 एम.व्ही.ए. अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापना संबंधित कार्य किया जाना है । अतः दिनांक- 29.04.2024 दिन सोमवार को प्रातः 10:00 बजे से सायं 3:00 बजे तक निम्नांकित फीडरों/ उपकेन्द्रों एवं क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में कमी या वृद्धि की जा सकती है ।

| क्र. | प्रभावित होने वाले 33 के.व्ही. फीडर का नाम | प्रभावित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | बस्तर | बस्तर | कॉलम क्र. 02 में उल्लेखित 33 के.व्ही. फीडरों से संबंधित सभी उच्चदाब विद्युत उपभोक्ता । कॉलम क्र. 03 में उल्लेखित उपकेन्द्र से संबंधित समस्त ग्राम । |
| 2 | बालेंगा | बालेंगा, भानपुरी | |
| 3 | बकावंड | बकावंड | |
| 4 | घाटलोहंगा | घाटलोहंगा | |
| 5 | बोरीगांव / चोकर | बेरीगांव, करपावण्ड, सतोषा, चोकर एवं गारेंगा | |

"बिजली की बचत ही बिजली का उत्पादन है"

(मो. सलीम खान )
कार्यपालन अभियंता ( संचा./ संधा. ) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लि., जगदलपुर


# अप्रैल के बाद अब जुलाई में विवाह का मुहूर्त

- शुक्र के अस्त होने के कारण 29 अप्रैल से 30 जून तक शुभ कार्यों पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी



खरमास की समाप्ति के बाद 13 अप्रैल से 28 अप्रैल तक विवाह का शुभ मुहूर्त है। इसके बाद 30 जून तक विवाह का कोई मुहूर्त नहीं है। शुक्र अस्त होने की वजह से 2 माह तक शुभ कार्यों पर प्रतिबंध रहेगा। पं. सूरज प्रसाद तिवारी ने बताया कि 13 अप्रैल को सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करने की वजह से खरमास का समापन हो गया। अब 28 अप्रैल तक शुभ कार्य, अनुष्ठान किए जा सकते हैं। 28 अप्रैल के बाद शादी विवाह का कोई भी शुभ मुहूर्त नहीं है। 29 अप्रैल से 30 जून तक शुक्र अस्त रहेंगे। इस दरम्यान हिन्दू धर्म में कोई भी अनुष्ठान नहीं किए जा सकते। जुलाई में शुभ कार्य प्रारंभ कर सकते हैं। विवाह के लिए 9, 11, 12, 13, 14 एवं 15 जुलाई को शुभ मुहूर्त है। इसके बाद 17 जुलाई से चातुर्मास प्रारंभ हो जाएंगे। इसके बाद नवंबर में शुभ मुहूर्त है। 12, 13, 16, 17, 18, 22, 23, 25, 26, 28, 29 नवंबर तथा 4, 5, 9, 10 और 14 दिसंबर को विवाह के लिए शुभ मुहूर्त है। इस तरह साल 2024 में 73 वैवाहिक मुहूर्त है।

### अक्षय तृतीया पर शादी का मुहूर्त नहीं

अक्षय तृतीया को शादी के लिए अबूझ मुहूर्त माना जाता है लेकिन इस बार शुक्र अस्त हो जाने के कारण शादी का कोई मुहूर्त नहीं है। 29 अप्रैल को शुक्र सूर्य के नजदीक आ जाएगा। सूर्य के नजदीक जो भी ग्रह आता है, उसे अस्त माना जाता है। शुक्र 29 अप्रैल से 30 जून तक अस्त रहेगा, जो पूरे 61 दिनों का होता है। अक्षय तृतीया 10 मई को है। इस दिन शादी का मुहूर्त नहीं है।


Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर Online परामर्श उपलब्ध दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### जिले के कराते खिलाड़ियों ने जीते मेडल

**बगदेही(धमतरी)।** इंटरस्टेट टोंग एल मू डू नेशनल चैम्पियनशिप पाइकमाल ओडिशा में हुई जिसमें धमतरी जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। गजानंद सिन्हा ने गोल्ड मेडल, निरंजन साहू बगदेही ने गोल्ड मेडल एवं जगन्नाथ साहू ने ब्रांस मेडल प्राप्त किए। प्रतियोगिता में 17 जिले के 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि विधायक बरसासिंह बरिहा, विशिष्ट अतिथि सीएल साहू, डीजेंद्र कुर्रे थे। अध्यक्षता फेडरेशन के कोषाध्यक्ष किरण ने की। विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ सचिव उपेंद्र प्रधान, कार्यक्रम प्रभारी जगन्नाथ साहू, प्रदेश अध्यक्ष मीरा पंडा थे। धमतरी जिले से योगेश साहू बगदेही भी मौजूद रहे। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को आने वाली नेशनल चैम्पियनशिप के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

### नाली का गंदा पानी सड़क पर हुआ जाम ग्रामीण परेशान





**सिर्री।** ग्राम दहदहा से मेंडरका जाने वाले मार्ग में दहदहा निवासी डॉ. देवराज चंद्राकर के घर के सामने नाली का गंदा पानी पूरी तरह से जाम हो गया है। सड़क पर नाली का गंदा पानी भर गया है। अब तो स्थिति यह है कि गंदा पानी देवराज चंद्राकर के घर में घुसने लगा है। घुटनों तक पानी भर जाने के कारण लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। बांध से पानी छोड़े जाने के बाद से तालाबों और नाले में पानी भर चुका है। निकासी नहीं होने के कारण नाली का पानी सड़क पर बह रहा है। आवागमन में परेशानी के साथ ही गंदा पानी बीमारियों को भी आमंत्रण भी दे रहा है। ग्रामीण पदुम निर्मलकर, मिथिलेश यादव, कार्तिक साहू, परदेशी यादव, रमेश चंद्राकर ने बताया कि सड़क पर नाली का गंदा पानी भर जाने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। देवराज चंद्राकर ने बताया कि नाली के पानी की निकासी के लिए कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

### पर्यावरण, पशुओं के प्रति जागरुकता फैलाने की जरुरत : टीआर



**धमतरी।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा पृथ्वी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का थीम प्लेनेट वर्सेस प्लास्टिक था। अतिथि टीआर वर्मा पशु चिकित्सक, धनंजय देवांगन कार्यपालन अभियंता, एनएस निर्मलकर अभियंता एवं बीके सरिता दीदी संचालिका थी। इस अवसर पर टीआर साहू ने कहा कि पर्यावरण, पशुओं के प्रति जागरूकता फैलाने की जरुरत है। धनंजय ने कहा कि प्लास्टिक उत्पादन में उपयोग होने वाले रसायन धरती व पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। बीके सरिता ने पर्यावरण संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यौगिक गृह वाटिका का निर्माण कर मूल्यनिष्ठ समाज व सुखदायी पर्यावरण का संकल्प लें। कार्यक्रम का संचालन बीके प्राजक्ता ने किया। धरती की पुकार पर सुन्दर नाटिका प्रस्तुत की गई। बीके जागृति ने प्रतिज्ञा और नारे

---

### बड़ेधाराउर के लोगों ने बिजली नहीं आने पर दी है चक्काजाम की चेतावनी

# खंबे गाड़ने और तार खींचने का काम होने से कई गांव हुए रोशन

**सीमित कर्मियों के साथ सुबह से देर रात काम में जुटे हैं जुनियर इंजीनियर**



## चित्रकोट और लामड़ागुड़ा में बिजली आई, 5-6 गांव अभी भी अंधेरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

खबर का असर

लोहण्डीगुड़ा ब्लाक में पिछले सोमवार 22 अप्रैल को 30 मिनट के आंधी तुफान से मची तबाही के बाद हरिभूमि की लगातार छप रही खबर का असर दिखने लगा है। बिजली विभाग के कर्मचारी सुबह से रात तक पिछले 6 दिन से लगभग 20 गांव की बिजली सेवा ठप होने से उसे सुधारने में जुटे हुए हैं। अभी भी 5-6 गांव में अंधेरा छाया हुआ है जहां पूरे ब्लाक में सभी गांव तक रोशनी पहुंचने में 2-3 दिन और लगने की संभावना है। वैसे सीमित कर्मचारियों के साथ गिरे और टूटे हुए खंबों की जगह नए खंबा लगाने और तार खिंचने का काम जोरशोर से चल रहा है। जुनियर इंजीनियर राकेश जगत पूरी टीम के साथ काम में लगे हैं। वे कहते हैं मेरे दफ्तर में ही पेड़ गिरने से इंटरनेट सेवा बंद है। एक पत्र तक लिखने का समय नहीं मिल रहा है। सुबह से देर रात तक काम चल रहा है। उन्होंने लगभग एक दर्जन गांव में रोशनी पहुंचने की बात कही





है। उन्होंने कहा आज ब्लाक मुख्यालय उसरीबेड़ा के समीप के गांव बड़ेधाराउर के लोगों ने ज्ञापन देकर चेतावनी दी है कि कल तक गांव में बिजली नहीं आने पर चक्काजाम करेंगे। जेई राकेश जगत ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि बड़ेधाराउर में शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार था इसलिए बिजली सुधार का काम नहीं हो सका।



आज भी कई गांव में गैंग के मजदूर गए हुए थे मैंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि कल सुबह से बड़ेधाराउर में बिजली सुधार का काम तेजी से किया जाएगा। प्रयास रहेगा कि शाम तक गांव में रोशनी आ जाए। उन्होंने यह भी माना कि जिस हिसाब से तुफान से तबाही हुई है उसे दुरूस्त करने के लिए मजदूरों की कमी है मैंने उच्चाधिकारियों से गैंग भेजने के लिए अनुरोध किया है। डीई साहब भी लोहण्डीगुड़ा आकर हालात देखकर गए हैं।

### तुफान से ट्रांसफार्मर भी गिरा

जुनियर इंजीनियर ने बताया कि पूरे इलाके में 70 से ज्यादा खंबे गिरे हैं और जगह-जगह पेड़ गिरने से तार भी टूटे हैं इसके अलावा ट्रांसफार्मर भी खंबे के साथ जमीन में गिरे हैं। ट्रांसफार्मर का डीपी टूटा हुआ था जिसे सुधारा जा रहा है। टाकरागुड़ा सबस्टेशन से उसरीबेड़ा और फिर बड़ेधाराउर में बिजली देने का काम चल रहा है। कल शाम को चित्रकोट और लामड़ागुड़ा में बिजली आने से लोगों को राहत मिली है।

### अलनार फीडर चालु होने से 10 गांव में पहुंची बिजली

जेई ने बताया कि अलनार फीडर चालु हो गया है वहां के 10 गांव में बिजली पहुंच गई है। सबसे बड़ी समस्या मेन पावर की है यदि अधिक संख्या में मजदूर आएंगे तो काम की रफ्तार भी तेज होगी। फिर भी जो संसाधन हमारे पास है उसी के जरिये सभी प्रभावित गांव को देख रहे हैं।

---

# महापुरुष और भगवान में कोई भेद नहीं

## जब तक ये मन निर्मल नहीं हो जाता हम ईश्वर प्राप्ति नहीं कर सकते





हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

संभाग मुख्यालय में चल रहे 15 दिवसीय दिव्य दार्शनिक प्रवचन के आठवें दिन जगद्गुरु कृपालु महाराज की प्रमुख प्रचारिका श्रीश्वरी देवी ने महापुरुष और भगवान में अभेद बताते हुए कहा कि महापुरुष और भगवान में कोई भेद नहीं है, क्योंकि जब कोई जीवात्मा परमात्मा को प्राप्त करके महात्मा बन जाता है तो भगवान अपनी सारी शक्ति अपना सारा ज्ञान उस महात्मा को प्रदान कर देते है। अतएव जो शक्तियां जो ज्ञान भगवान के पास वही सारी शक्ति सारा ज्ञान महापुरूषों के पास। महापुरुष और भगवान में कोई भेद नहीं। भागवत में भगवान कहते है आचार्य मां विजानियात नावमन्येत करहीचित। आचार्य अर्थात गुरु को मुझे ही जानों मैं ही तुम्हारे गुरु के रूप में हुं। मुझमे और गुरु में अर्थात महापुरुष में कोई मतभेद मत मानो।

इसलिए जैसी भक्ति भगवान के प्रति हो वैसी ही भक्ति गुरु के प्रति भी होना चाहिए। गुरु की भक्ति को श्रेष्ठ बताते हुए उन्होंने कहा कि भगवान तो अपने कानून में बंधे हैं। वो कहते है निर्मल मन जन सो मोही पावा। लेकिन हमारा मन तो अभी मलिन है, और जब तक ये मन निर्मल नहीं हो जाता हम ईश्वर प्राप्ति नहीं कर सकते। अतः शिष्य के अंतःकरण की शुद्धि के पश्चात वो दिव्य प्रेम, दिव्य शक्ति भी गुरु प्रदान करता है। अतएव गुरु का स्थान सबसे ऊंचा माना गया है। मायातीत महापुरुषों के मायापूर्ण कार्योर् का रहस्य बताते हुए उन्होंने कहा कि महापुरुष जीव कल्याण के लिए अपनी योगमाया शक्ति से माया के कार्य करते है। भीतर से तो परम् विरक्त हैं। किंतु बाहर से वो केवल एक्टिंग में माया के कार्य करते हैं। जैसे फिल्मों में कलाकार अनेक प्रकार के किरदार निभाते हुए भीतर से भी अपने आप को नहीं भूलते ऐसे ही महापुरुष भी अपनी पर्सनालिटी में रहते हुए बाहर से माया के कार्योर् की केवल एक्टिंग करते हैं। जैसे धुरव प्रहलाद, अम्बरीष, पृथु ने भगवत प्राप्ति के पश्चात भी करोड़ों वर्षोर् राज्य किया माया के कार्य भी किये। इसलिए हमें महापुरुषों को पहचानने के लिए उनके बाहरी क्रियाकलापों को न देखते हुए उनका नित्य संग करके उनके भीतर वाले ईश्वरीय प्रेम को पकड़ने का प्रयास करना चाहिये। तभी हम वास्तविक संत को पहचान पाएंगे।

---

# मतांतरित मृत देह दफनाने पर ग्रामीणों की रोक





हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर में लगातार मतान्तरण से जुड़े मामले सामने आ रहे हैं साथ ही विरोध की स्थिति बन रही है। बस्तर जिले के कोड़ेनार थाना क्षेत्र में दो दिनों से स्थिति विवाद की बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक 25 अप्रैल को किसी बीमारी के चलते ईश्वर पिता अर्जुन निवासी छिंदबहार को बेहतर उपचार के लिए मेकाज में भर्ती किया गया जहां उसकी मौत हो गई। ईश्वर के मौत के बाद उनके परिजनों ने पुलिस को बताया कि वे लोग अपने मूल धर्म को छोड़कर मतांतरित हो गए थे। शव के अंतिम संस्कार को लेकर विवाद होने लगा। इसकी खबर के बाद विश्व हिंदू परिषद्, बजरंगदल के पदाधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ बैठक ली। जिसमें ग्रामवासियों ने एक सुर में कह दिया की हमारी संस्कृति परंपरा के विरुद्ध किसी भी प्रकार के गतिविधि करने नहीं दिया जायेगा। इस दौरान विहिप जिला मंत्री अमन शर्मा, नगर अध्यक्ष पवन राजपूत, बजरंगदल जिला सह संयोजक खिरेंद्र दास वैष्णव, जिला सह संयोजक मुन्ना कोरी, नगर सह मंत्री गौरव ठाकुर व अन्य कार्यकर्ता सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

---

### बंगाल की खाड़ी से आ रहे प्रचुर मात्रा में नमी से हल्की बारिश के संकेत

# दिनभर गर्मी से लोग हलाकान, पारा 40 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बस्तर अंचल के अधिकांश जिलों में शुक्रवार की भांति शनिवार को भी भीषण गर्मी का प्रभाव रहा। दिनभर हुई तपिश से लोग हलाकान रहे,शनिवार को भी पारा 40 डिग्री के आसपास बना रहा।

शुक्रवार की देर शाम हल्की बारिश होने से दिनभर गर्मी से परेशान लोगों को देर शाम को कुछ राहत मिली। लेकिन शनिवार को बारिश नहीं होने से लोगों को राहत नहीं मिली। हालांकि मौसम विज्ञान केंद्र को बुलेटिन से मिले संकेत पर आगामी घण्टो में बस्तर में हल्की बारिश की संभावना है। आज जगदलपुर में अधिकतम तापमान 39.8 दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 2 डिसे ज्यादा 24.9 डिग्री सेल्सियस आंका गया। सुबह नमी की मात्रा 58 फीसदी रही जबकि शाम को कमी आकर 32 प्रतिशत दर्ज किया गया।

मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के मुताबिक वायुमंडल में पश्चिमी विक्षोभ चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में मध्य अफगानिस्तान के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके साथ एक द्रोणिका ऊपरी हवा में 7.6 किलोमीटर ऊंचाई पर 64 डिग्री पूर्व और 25 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण छत्तीसगढ़ के ऊपर 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका-हवा की अनियमित गति मराठवाड़ा से उत्तर तमिलनाडु तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में नमी का आगमन लगातार जारी है।

मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एचपी चन्द्रा के मुताबिक अलग-अलग सिस्टम और नमी से प्रदेश में एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने तथा अंधड़ चलने की भी संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में गिरावट संभावित है।

